>

Title: Statement regarding Government Business of the week commencing Monday the 9th August, 2010 and submissions made by Members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 9th of August, 2010, will consist of: -

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.
2. Discussion on the Statutory Resolution seeking disapproval of the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2010 and consideration and passing of the Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2010.
3. Consideration and passing of the Industrial Disputes (Amendment) Bill, 2010, as passed by Rajya Sabha.
4. Consideration and passing of the Bills:-

    (i) The Orissa (Alteration of Name) Bill, 2010;

    (ii) The Constitution (One Hundred Thirteenth Amendment) Bill, 2010.

    (iii) The Essential Commodities (Amendment) Bill, 2010;

    (iv) The Code of Criminal Procedure (Amendment) Bill, 2010; and

    (v) The Jharkhand Panchayat Raj (Amendment) Bill, 2010.

5. Consideration and passing of the Foreign Trade (Development and Regulation) Amendment Bill, 2009, after it is passed by Rajya Sabha.

MADAM SPEAKER: Let us have order in the House.

...(*Interruptions*)

(Placed in Library, See No. LT 2794/15/10)

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषय जोड़े जाएं:-

1- सुखाड़ के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए बिहार राज्य के नालन्दा जिले के प्रत्येक पंचायत में दो राजकीय टयूबवेल बनाने की आवश्यकता।

2- सुखाड़ के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए बिहार राज्य के नालन्दा जिले के किसानों को खाद, बीज मुफ्त में देने की आवश्यकता तथा के.सी.सी. ऋण माफ करने की आवश्यकता।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाए :-

(1) राजधानी दिल्ली में मेट्रो के तीसरे फेज में सात लाइनें प्रस्तावित थीं, जिनमें एक लाइन यमुना बैंक से शिव विहार भी शामिल थी, लेकिन उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र की घनी आबादी वाली इस लाइन को लम्बित रखा गया है। मेट्रो के तीसरे फेज में प्रस्तावित यमुना बैंक से शिव विहार लाइन को जनहित में अविलम्ब स्वीकृत करके राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र के लोगों को मेट्रो की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने से संबंधित विषय।

(2) राजधानी दिल्ली में इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से देश की प्रतिष्ठा के लिए यह आवश्यक है कि खेल के दौरान यहां आने वाले पर्यटकों व देशी- विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा-तंत्र को सशक्त किया

जाए।

MADAM SPEAKER: Shri Dinesh Chandra Yadav – not present.

**श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर):** अध्यक्ष महोदया, आपसे निवेदन है कि सब्मीशन के अन्तर्गत निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में शामिल किए जाने हेतु अनुमति प्रदान करें :-

(1) देश के जनजातीय क्षेत्रों में विशेषकर महाराष्ट्र राज्य के आदिवासी गड़चिरोली-चुमूर संसदीय क्षेत्र में उन्हें आबंटित की गई कृषि भूमि के लिए केन्द्रीय स्तर पर एक कार्यक्रम तैयार कर के भूमि सिंचन हेतु जल उपलब्ध करवाए जाने से सम्बन्धित विषय।

(2) देश के नक्सल प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों के सर्वान्गीण विकास हेतु एक कार्य-योजना बनाए जाने की आवश्यकता।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Respected Madam, I request the Government to include the below-mentioned subjects in the Agenda for the next week's business in the Lok Sabha:-

1. Concerning growing incidents of religious extremism and fundamentalism in the country;
2. Ensure timely availability of all the required fertilizers to the farmers in the country.

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** माननीय अध्यक्ष महोदया, कृपया निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्य-सूची में जोड़ लिया जाए-

(1) देश में लागू किए गए शिक्षा के अधिकार कानून के अन्तर्गत गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा हेतु शिक्षा का राष्ट्रीयकरण एवं समान शिक्षा लागू करने के संबंध में चर्चा।

(2) देश में बुनकरों में बढ़ रहे कुपोषण एवं भुखमरी आदि के कारण उनमें बढ़ रही मृत्यु दर से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा।

- - -

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** अध्यक्ष महोदया, आपसे अनुरोध है कि आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्न विषयों को विचार के लिए जोड़ा जाए-

(1) नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु केन्द्र सरकार द्वारा विशेष धनराशि अथवा पैकेज दिए जाने की आवश्यकता।

(2) ठेकेदारी कामगारों के शोषण पर अंकुश लगाने के लिए कॉंट्रैक्ट लेबर एबोलिशन एवं रैगुलेशन एक्ट, 1970 में संशोधन करने की आवश्यकता।

MADAM SPEAKER: Shri Ravindra Kumar Pandey – not present.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाए-

(1) देश में खासकर बिहार के बहुत बड़े हिस्से में अनावृष्टि के कारण सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है। उस पर सदन में चर्चा की जाए।

(2) दिल्ली में मेट्रो की दुर्घटना में मारे गए और घायलों में से कई लोगों को मुआवजा नहीं दिया गया है। मेट्रो के कार्यकलापों और दुर्घटना से जुड़ी निर्माता कंपनियों पर सदन में चर्चा की जाए।

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** महोदया, मैं आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषय जोड़ने की सूचना देता हूं:

1. बिहार के नवादा जिलान्तर्गत रजौली में प्रस्तावित आणविक विद्युत संयंत्र लगाने की बिहार सरकार के आश्वासन के आलोक में केन्द्र सरकार अपनी स्वीकृति दे;
2. मध्य-पूर्व रेलवे अंचल, हाजीपुर के अन्तर्गत राजगीर-तिलैया रेल खंड का विस्तार कोडरमा तक रेलवे मंत्रालय करे और तिलैया को रेलवे प्रमंडल में प्रोन्नत करने की कार्रवाई करे।